01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पश्चिम एशिया संघर्ष पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे।

02 प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्यभर में तैंतालीस प्रतिशत चिह्नित परिवार शुरुआती जांच में अयोग्य पाये गए।

03. मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई। पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में ओलावृष्टि को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

04. और, रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना समेत विभिन्न स्थानों पर निकाली जा रही हैं शोभायात्राएं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पश्चिम एशिया संघर्ष पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे और राज्य की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में टीम इंडिया की भावना से समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। हालांकि, आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर बयान दिया और इस मुद्दे पर भारत का रुख स्पष्ट किया था।

---

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्यभर में तैंतालीस प्रतिशत चिह्नित परिवार शुरुआती जांच में अयोग्य करार दिए गए हैं। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार सबसे अधिक जहानाबाद जिले के बहत्तर प्रतिशत परिवार अयोग्य ठहराए गये हैं। यह आंकड़ा बक्सर और रोहतास में सड़सठ प्रतिशत से अधिक है। पटना में बावन प्रतिशत परिवार अयोग्य पाए गए हैं। वहीं, सबसे कम पूर्णिया और किशनगंज में बीस प्रतिशत परिवार अयोग्य की सूची में डाले गए हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए राज्यभर में परिवारों का सर्वे हुआ था। इसमें एक करोड़ चार लाख परिवार चिह्नित किए गये थे। चिह्नित परिवारों का घर–घर सत्यापन किया गया है।

---

राज्य सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में कराये गए विकास कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण कराएगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि इसका उद्देश्य योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए बीस करोड़ रुपये जारी किये गये हैं।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विभागीय कामों के सुचारू संचालन के लिए सेवानिवृत्त अंचलाधिकारियों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण सरकार जनहित के कार्यों को बाधित नहीं होने देगी। इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

———साउंड बाइट———

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अंचलाधिकारियों को पच्चीस मार्च की शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया गया था, जिसके बाद से अब तक दो दर्जन से अधिक अधिकारियों के वापस लौटने की सूचना है।

---

पटना उच्च न्यायालय ने आरा सिविल कोर्ट बम ब्लास्ट के सभी आरोपियों को बरी कर दिया। वहीं, इस मामले में बरी हुए लंबू शर्मा और अखिलेश उपाध्याय को न्यायिक हिरासत से भागने के मामले में दोषी करार देते हुए सजा बहाल रखी गई है।

---

पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने रिश्वतखोरी के उन्नीस वर्ष पुराने मामले में डेहरी ऑन सोन नगर परिषद के पूर्व प्रधान लिपिक कृष्णदेव पासवान को तीन वर्ष कारवास की सजा सुनाई। विशेष अदालत ने दोषी को चालीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

---

बेगूसराय जिले की एक अदालत ने सैंतीस वर्ष पुराने तिहरे हत्याकांड में पांच अभियुक्तों को उम्रकैद और सात अभियुक्तों को डेढ़ से सात साल कारावास तक की सजा सुनाई।

---

मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाने के चोरनियां में पिछले दिनों एक व्यक्ति की पुलिस की गोली से हुई मौत के मामले में थानाध्यक्ष समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में होमगार्ड के दो जवानों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने नालंदा जिले के नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाईजर मंजीत कुमार को दस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी आशा की बहाली के नाम पर शिकायकर्ता से घूस ले रहा था।

---

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी– आरएसपी के नेता बालेंद्र शाह आज नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। बालेंद्र शाह कल आएसपी संसदीय दल के नेता चुने गए। उनकी पार्टी आरएसपी ने पांच मार्च को हुए संसदीय चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की।

---

रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

–––म्यूजिक–––

रामनवमी को लेकर पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में पूजा–अर्चना की विशेष व्यवस्था की गयी है। मंदिर के पट रात्रि दो बजे खोल दिये गये। पूजा के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने देर रात मंदिर में पूजा–अर्चना की। पटना के राजवंशी नगर स्थित हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि पुनौराधाम स्थित मां जानकी मंदिर में भी विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन किया गया है। वहीं, अन्य जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि रामनवमी को लेकर हनुमान मंदिरों में पूजा–अर्चना की विशेष व्यवस्था की गयी है। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आराधना कर रहे हैं।

–––म्यूजिक–––

---

रामनवमी पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में शोभा यात्राएं भी निकाली जा रही है। राजधानी पटना में शाम साढ़े पांच बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बताया कि डाकबंगला चौराहा से शोभायात्रा की शुरूआत होगी, जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और विभिन्न राज्यों के कलाकार भी शामिल होंगे।

———साउंड बाइट———

---

इधर, रामनवमी को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। राजधानी पटना में रामनवमी को लेकर यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। इधर, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल– सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई दी है।

---

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना हो रही है।

———म्यूजिक———

मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें लगी हुई है। कई जगहों पर सामूहिक कन्या पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है।

——म्यूजिक———

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में एक बार फिर परिवर्तन आया है। किशनगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य हिस्सों में कुछ हिस्सों में धूलभरी आंधी चलने के साथ–साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। साथ ही पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

---

पटना के शास्त्रीनगर से पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग एप के जरिए भारत, दुबई, श्रीलंका और नेपाल सहित कई देशों के लोगों से ठगी करने वाले पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के भूतनाथ रोड स्थित टीवी टावर के पास से पुलिस ने जाली नोट तस्कर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो लाख रुपये से अधिक मूल्य के जाली नोट और एक कार बरामद की गयी है।

---

सुपौल जिले के करजाईन थाना क्षेत्र के सीतापुर गांव में शराब कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस घटना में थानाध्यक्ष मनीष कुमार समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

---

मधेपुरा जिले के भर्राही थाना क्षेत्र में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मुरहो शाखा से अपराधियों ने एक लाख तीस हजार रुपये लूट लिये। पुलिस ने बताया कि इस दौरान अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी की।

---

कटिहार जिले के बलरामपुर थाना क्षेत्र के बल्दियागाछी में अपराधियों ने एक जमीन कारोबारी की हत्या कर दी।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – पटना और नालंदा में सीएम ने पांच साल में एक करोड़ नौकरी देने का संकल्प दोहराया। कहा – बिहार बहुत आगे बढ़ेगा, विकसित बनेगा।

**दैनिक जागरण** लिखता है – होर्मुज से पार कर सकेंगे भारत सहित मित्र देशों के जहाज।

**दैनिक भास्कर** ने केंद्र सरकार के हवाले से लिखा है – पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का देश में साठ दिनों का स्टॉक मौजूद।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – आईपीएल कल से, इस बार भी चौहत्तर मैच होंगे। बेंगलुरू में इकतीस मई को खेला जाएगा फाइनल।

**राष्ट्रीय सागर** के शब्द हैं – बालेन्द्र शाह नेता चुने गए, आज नेपाल पीएम पद की लेंगे शपथ। **आज अखबार** समेत सभी समाचार पत्रों ने रामनवमी की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पश्चिम एशिया संघर्ष पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे।

02 प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्यभर में तैंतालीस प्रतिशत चिह्नित परिवार शुरुआती जांच में अयोग्य पाये गए।

03. मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई। पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में ओलावृष्टि को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

04. और, रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना समेत विभिन्न स्थानों पर निकाली जा रही हैं शोभायात्राएं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।